Regarding need for rejuvenation of Shri Dauji Maharaj Temple in Hathras district, Uttar Pradesh-Laid

श्री अनू प प्रधान वाल्मीकि **(हाथरस) :** मैं जनता से जुड़े एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ । हाथरस जिले में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला श्री दाऊजी महाराज लक्की मेला लगभग 275 वर्ष पुरानी परंपरा है और इसमें लाखों श्रद्धालु एवं आगंतुक भाग लेते हैं ।कहा जाता है कि श्री दाऊजी महाराज मंदिर को 18 वीं शताब्दी में राजा दयाराम ने बनवाया था । 1817 में , जब ब्रिटिशों ने इलाके पर हमला किया था, उन्होंने मंदिर पर भी तोप का गोला दागा था । लेकिन जो चौंकाने वाली बात है: मंदिर को कोई बड़ी क्षति नहीं हुई । उस तोप का एक गोला आज भी मंदिर में सुरक्षित रखा हुआ है । हाथरस जिले में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला श्री दाऊजी महाराज लक्की मेला सामाजिक सद्भाव, सांस्कृतिक पहचान और क्षेत्रीय आस्था का प्रमुख प्रतीक है । अतः मेरा निवेदन है कि सरकार इस मंदिर के जीर्णोद्धार एवं संरचनात्मक सुधार को जल्दी से जल्दी कराने की कृपा करें ।